शासकीय जे. योगानन्दम् छत्तीसगढ महाविद्यालय,रायपुर (छ0ग0)
email:gjycg.college@gmail.com/website : www.cgcollege.org
स्वशासी प्रकोष्ठ

# अकादमिक परिषद 2020–21 की बैठक

**बैठक का एजेण्डा निम्नानुसार है–**

1. वर्ष 2019–20 की बैठक में लिए गये निर्णय की सम्पूष्टि।
2. विभिन्न अध्ययन मण्डलों द्वारा स्वीकृत पाठ्यक्रम पर विचार–विमर्श/अनुमोदन।
3. स्नातक स्तर पर प्रति वर्ष दो आंतरिक–मूल्यांकन पर विचार–विमर्श/अनुमोदन।
4. विभागों द्वारा छात्र–परिषद का गठन, जिसके अन्तर्गत शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन पर विचार–विमर्श/अनुमोदन ।
5. विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 25 वीं बैठक के निर्णयानुसार स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष के लिए आंतरिक मूल्यांकन के अंक मुख्य परीक्षा में समाहित किये जाने पर चर्चा।
6. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।

# अकादमिक परिषद बैठक 2020-21

दिनांक 4.3.2021

आज दिनांक 4.3.2021 को अपरान्ह 3.00 बजे स्वशासी अकादमिक परिषद की बैठक कक्ष क्रमांक 43 में प्राचार्य डॉ॰ अमिताभ बैनर्जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्न सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे –

1. डॉ॰ के॰ के॰ घोष –
2. डॉ॰ नमिता दुबे –
3. डॉ॰ डी॰ एस॰ ठाकुर –
4. प्रो॰ के॰ के॰ भूषण – 4.03.21 9406084229
5. श्री वीरेंद्र तिवारी – 9977241074
6. श्री आत्मबोध अग्रवाल
7. श्री धीरेंद्र नशीने 94255-10448.
8. डॉ॰ विजय अग्रवाल 4/3/21
9. डॉ॰ पुष्पा कौशिक (नियंत्रक)
10. डॉ॰ पी॰ के॰ अग्निहोत्री
11. डॉ॰ डी के वर्मा 4/3/2021
12. डॉ॰ स्मृति चक्रवर्ती
13. डॉ॰ सुषमा सिंह गौर 04/03/2021 4-3-21
14. डॉ॰ के॰ के॰ बिन्दल 4/3/21
15. डॉ॰ कीर्ति तिवारी 4/3/2021
16. डॉ॰ प्रीति मिश्रा 4.3.21
17. डॉ॰ टी॰ एल॰ वर्मा — for DR Jyotsana Sharma 4/3/21
18. डॉ॰ आशा चौधरी 4-3-21
19. डॉ॰ पारमिता दुबे — डॉ॰ मंजुला उपाध्याय 4.3.21
20. डॉ॰ प्रतिमा चन्द्राकर 4/3/21
21. डॉ॰ शिल्पी बोस 4.3.2021
22. डॉ॰ अंजलि भटनागर 4.3.21
23. डॉ॰ अशोक शर्मा 4-3-2021
24. डॉ॰ अनूप परसाई – 4/3/2021
25. डॉ॰ अरुणा शर्मा 4.3.21
26. डॉ॰ स्वाति जैन 4/3/21
27. डॉ॰ वी॰ डी॰ साहसी
28. डॉ॰ मोना [redacted]
29. डॉ॰ हे[redacted]
30. डॉ॰ अनामिका मोदी 4.3.21

बैठक की कार्यवाही निम्नानुसार है —
डॉ० अमिताभ बैनर्जी, प्राचार्य, शास० जे० योगानन्दम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर द्वारा समस्त मनोनीत सदस्यों एवं विभागाध्यक्षों के स्वागत के पश्चात निम्नानुसार कार्यवाही की गई।

सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा आमंत्रित सदस्यों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया, तत्पश्चात प्राचार्य की अनुमति से एजेन्डा के प्रथम बिन्दु पर चर्चा की गई, जिसमें पूर्व सत्र की बैठक में लिए गए निर्णयों का वाचन किया गया।

बैठक का दूसरा एजेन्डा विभिन्न अध्ययन मंडलों द्वारा स्वीकृत पाठ्यक्रम पर विचार-विमर्श। अनुमोदन से सम्बंधित विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों में हुए परिवर्तनों पर उसके औचित्य पर विभागाध्यक्षों द्वारा जानकारी दी गई। डॉ० शिल्पी बोस ने लोक प्रशासन विषय के पाठ्यक्रम में सरकार की योजना तथा नियमों के आधार पर परिवर्तन की बात कही। अधिकांश विषयों के पाठ्यक्रम में स्नातक स्तर पर द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम में बदलाव की जानकारी दी गई। डॉ० पुष्पा कौशिक ने गणित विषय में सेंट्रल बोर्ड ऑफ स्टडीज के अनुरूप परिवर्तन की बात कही।

बैठक का तीसरा एजेंडा स्नातक स्तर पर दो आंतरिक मूल्यांकन प्रतिवर्ष पर विचार-विमर्श। अनुमोदन पर डॉ० प्रतिमा चन्द्राकर (रसायन शास्त्र) द्वारा आंतरिक-मूल्यांकन के अंकों को मुख्य परीक्षा में वेटेज देने का सुझाव दिया जिससे विद्यार्थी ज्यादा से ज्यादा संख्या में आंतरिक मूल्यांकन में सम्मिलित हो। डॉ० के० के० बिन्दल (अर्थशास्त्र) ने छात्रों की कम उपस्थिति की जानकारी दी। आंतरिक मूल्यांकन में छात्रों की उपस्थिति कम होने के कारण लाभ नहीं मिल पाने की बात कही। मनोनीत सदस्य श्री वीरेंद्र तिवारी द्वारा आंतरिक मूल्यांकन छात्र हित में तथा इसके द्वारा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आंतरिक परीक्षा अनिवार्य करने का सुझाव दिया। मनोनीत सदस्य श्री. के.के. भूषण द्वारा व्यावहारिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए आंतरिक मूल्यांकन लेने का सुझाव दिया गया। प्राचार्य डॉ० बैनर्जी द्वारा आंतरिक मूल्यांकन

परीक्षा को मुख्य परीक्षा हेतु विद्यार्थियों की तैयारी होगी तथा आंतरिक मूल्यांकन के द्वारा विद्यार्थियों की कक्षा में उपस्थिति बढ़ने की जानकारी दी गई। तत्पश्चात सर्वसम्मति से उक्त बिन्दु को अनुमोदित किया गया।

बैठक का चौथा एजेंडा विभागों द्वारा छात्र-परिषद का गठन, जिसके अन्तर्गत शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन पर विचार-विमर्श अनुमोदन पर डॉ. पी. के. अग्निहोत्री (रसायनशास्त्र) द्वारा छात्र-परिषद गठन के पश्चात कार्यक्रम कराने तथा बाहर भ्रमण हेतु स्वशासी प्रकोष्ठ द्वारा (ए एफ) मद से राशि प्रदान करने का सुझाव दिया गया। प्राचार्य महोदय द्वारा (ए एफ) मद से राशि प्रदान करने की जानकारी देने के उपरान्त सर्वसम्मति से उक्त एजेंडा के चौथे बिन्दु को भी सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

बैठक का पाँचवा एजेंडा विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 25वीं बैठक के निर्णयानुसार स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष के लिए आंतरिक मूल्यांकन के अंक मुख्य परीक्षा में समाहित किए जाने पर चर्चा के सम्बंध डॉ॰ पुष्पा कौशिक स्वशासी नियंत्रक द्वारा कोविड 19 के कारण आकस्मिक उपजी परिस्थितियों में वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए ध्यान में रखते हुए इसे स्थगित रखा गया। डॉ॰ डी॰ के॰ वर्मा (मानवविज्ञान) द्वारा इसे पहले विश्वविद्यालय में लागू होने के बाद स्वशासी विभाग में लागू करने का सुझाव दिया गया। डॉ॰ एस.एस. गौर (इतिहास) द्वारा सुझाव दिया गया कि इस प्रक्रिया से पहले छात्रों को सूचित किया जाये जिससे वे आंतरिक-मूल्यांकन के लिए पहले से तैयार रहें, तत्पश्चात इसे लागू किया जाये। प्राचार्य डॉ॰ बैनर्जी द्वारा वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए इसे इस सत्र में लागू न कर आगामी सत्र से लागू करने का सुझाव दिया गया। पं.र.वि.वि. रायपुर की अधिसूचना क्रं 760/सा.प्रशा./एकेडमी/2020 पर सहमति। बैठक का अंतिम एजेंडा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर शिक्षण तथा मूल्यांकन पर सुझाव के सम्बंध में डॉ॰ कीर्ति तिवारी (अंग्रेजी) द्वारा सेमेस्टर के छात्रों का सेमिनार मीट एप के माध्यम से आयोजित करने की जानकारी दी गई। प्राचार्य महोदय द्वारा स्वशासी प्रकोष्ठ को यू.जी.सी. द्वारा 2024 तक मान्यता मिलने की जानकारी सभी सदस्यों को दी गई। बैठक के अंत में डॉ॰ बी. डी. साहसी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया एवं बैठक के समापन की घोषणा की गई।

(हस्ताक्षर) स्वशासी नियंत्रक | (हस्ताक्षर) डॉ॰ मोना जैन | (हस्ताक्षर) प्राचार्य

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय जे. योगानन्दम् छत्तीसगढ महाविद्यालय,रायपुर (छ0ग0)
email:gjycg.college@gmail.com/website : www.cgcollege.org

## अकादमिक परिषद 2019–20 की बैठक

बैठक का एजेण्डा निम्नानुसार है–

1. वर्ष 2018–19 की बैठक में लिए गये निर्णय की सम्पूष्टि।
2. विभिन्न अध्ययन मण्डलों द्वारा स्वीकृत पाठ्यक्रम पर विचार, विमर्श/अनुमोदन।
3. महाविद्यालयीन परीक्षा प्रश्न पत्र परिवर्तित प्रारूप पर चर्चा एवं अनुमोदन।
   27.6.2019
4. महाविद्यालय में Smart Class की व्यवस्था पर चर्चा।
5. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।

# अकादमिक परिषद बैठक 2019-20

दिनांक 27.9.19

आज दिनांक 27.9.19 को अपरान्ह 3.00 बजे स्वशासी अकादमिक परिषद की बैठक प्राचार्य कक्ष में डॉ० विजय अग्रवाल प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्न सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

1. डॉ. वी. के. अग्रवाल — 27/9/19
2. श्री वीरेंद्र तिवारी
3. श्री. के. के भूषण
4. श्री. आत्मबोध अग्रवाल
5. श्री धीरेंद्र नशीने
6. डॉ० एम. के. देव — 27.9.19
7. डॉ० ए. के. प्रधान
8. डॉ० प्रीति के. सुरेश — 27/9/19
9. डॉ. पी. के. अग्निहोत्री
10. डॉ. डी. के. पाण्डेय — 27/9/19
11. डॉ० सुभद्रा राठौर — 27/9/19
12. डॉ० पुष्पा कौशिक — 27/9/19
13. डॉ० डी. के. वर्मा — 27-9-2019
14. डॉ० एम. एम. तिवारी — 27/9/2019
15. डॉ० स्मृति चक्रवर्ती — 27/09/19
16. डॉ० मधुश्री दुबे — 27/9/19
17. डॉ० पारमिता दुबे — 27/9/2019
18. डॉ० के. के. बिन्दल — 27/9/19
19. डॉ० कीर्ति तिवारी — 27/9/19
20. डॉ० टी. एल. वर्मा — for DR TLV
21. डॉ० सुषमा सिंग गौर — 27.9.19
22. डॉ० नन्दा नेमा — 27.9.19
23. डॉ० आशा चौधरी — 27-9-19
24. डॉ० प्रीति मिश्रा — 27.9.19
25. डॉ० अनूप कुमार परसाई — 27/9/19
26. डॉ० शिल्पी बोस — 27.9.19
27. डॉ० अनामिका मोदी — 27.9.19
28. डॉ० बी. डी. साहसी
29. डॉ० मोना जैन
30. डॉ० स्वाति जैन — 27/9/19
31. श्री शारदा जैन — 27-9-19

बैठक की कार्यवाही निम्नानुसार है :-

डॉ. बी. के. अग्रवाल, प्राचार्य, शास. जे. योगानन्दम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर द्वारा समस्त मनोनीत सदस्यों एवं विभागाध्यक्षों के स्वागत के पश्चात निम्नानुसार कार्यवाही की गई।

सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा आमन्त्रित सदस्यों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया तत्पश्चात प्राचार्य की अनुमति से एजेन्डा के प्रथम बिन्दु पर चर्चा की गई। जिसमें पूर्व सत्र की बैठक में लिए गए निर्णयों का वाचन किया गया।

बैठक का दूसरा एजेंडा विभिन्न अध्ययन मंडलों द्वारा स्वीकृत पाठ्यक्रम पर विचार, विमर्श/अनुमोदन से सम्बंधित विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों में हुए परिवर्तनों पर उसके औचित्य पर विभागाध्यक्षों द्वारा उद्बोधन दिया गया। डॉ. शिल्पी बोस ने बताया कि सरकार की योजना तथा नियमों के आधार पर लोक प्रशासन विषय के पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया जाता है। डॉ. पुष्पा कौशिक ने, गणित विषय में सेंट्रल बोर्ड ऑफ स्टडीज के अनुरूप परिवर्तन की बात कही।

बैठक का तीसरा एजेंडा महाविद्यालयीन परीक्षा प्रश्नपत्र परिवर्तित प्रारूप पर चर्चा एवं अनुमोदन पर समस्त सदस्यों ने अपने अपने अभिमत रखे। डॉ. सुभद्रा राठौर ने हिन्दी भाषा के प्रश्नपत्र के स्वरूप को भी अन्य प्रश्नपत्रों के समान खण्ड अ और खण्ड ब के समान रखने पर जोर दिया। डॉ. प्रीति मिश्रा ने तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर में प्रश्नपत्र का प्रारूप परिवर्तित न करने सम्बंधी विचार रखे। डॉ. एम. एम. तिवारी ने Board of Studies की मीटिंग से पूर्व आवश्यक सूचना देने के सम्बंध में तथा प्रश्नपत्र मॉडरेशन के सम्बंध में सुझाव दिये।

बैठक का चौथा एजेंडा महाविद्यालय में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था पर चर्चा के सम्बंध में प्राचार्य डॉ. बी. के. अग्रवाल ने रूसा द्वारा प्राप्त राशि का उपयोग इस सम्बंध में करने का आश्वासन दिया।

बैठक का पाँचवा और अंतिम एजेंडा अध्यक्ष की

अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा पर डा० एम. एम. तिवारी ने यू. जी. सी गाईड लाइन के अनुसार Examination cell को कार्य करने की सलाह दी। University Act 516 का हवाला देते हुए पूर्व में अपने द्वारा की गई शिकायतों पर विचार कर कार्यवाही करने की बात कही। डॉ० पुष्पा कौशिक ने Question Bank तैयार करने का प्रस्ताव रखा। डॉ० कीर्ति तिवारी ने इसके लिए बाहर से सहयोग पर जोर दिया। डॉ० मधुरी दुबे ने Question Bank के उत्तर तैयार करने सम्बंधी सुझाव दिया। डॉ० स्मृति चक्रवर्ती ने पाठ्यक्रम में परिवर्तन का आधीनियम समस्त विभागों को उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। डॉ० देव ने अपग्रेडेशन के लिए परिवर्तन किया जा सकता है परामर्श दिया।

भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ० एम. एम. तिवारी ने प्रश्नपत्रों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि महाविद्यालय का स्वशासी विभाग डिग्रियाँ बाँटने का कार्य कर रहा है जिसका प्रतिवाद करते हुए पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ० डी. के. वर्मा ने उत्तर दिया कि स्वशासी विभाग का प्रत्येक कार्य नियमत: किया जाता है।

अध्ययन मंडल के सदस्यों के नाम हेतु प्राचार्य को अधिकृत किया गया।

बैठक के अंत में स्वशासी निकाय की तरफ से डॉ० बी. डी. साहसी ने समस्त सदस्यों का और विभागाध्यक्षों का आभार व्यक्त किया एवं बैठक के समापन की घोषणा की

स्वशासी नियंत्रक
[signature] 27/9/19

प्राचार्य
[signature]

Dr. Mona Jain [signature] 27.9.19

[signature] 27.9.19

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय जे. योगानन्दम् छत्तीसगढ महाविद्यालय,रायपुर (छ0ग0)
email:gjycg.college@gmail.com/website : www.cgcollege.org

## अकादमिक परिषद 2018–19 की बैठक

**बैठक का एजेण्डा निम्नानुसार है–**

1. वर्ष 2017–18 की बैठक में लिए गये निर्णय की सम्पूष्टि।
2. विभिन्न अध्ययन मण्डलों द्वारा स्वीकृत पाठ्यक्रम पर विचार, विमर्श / अनुमोदन।
3. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।

दिनांक - 20/12/2018

आज दिनांक 20/12/2018 को अपरान्ह 3.00 बजे स्वशासी एकादमिक परिषद की बैठक प्राचार्य कक्ष में डॉ सी.एल. देवांगन प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्न सम्मानित सदस्य गण उपस्थित रहे।

ग्रादमिक
देवांगन

श्री विरेन्द्र तिवारी
श्री के.के. भूषण
श्री आत्मबोध अग्रवाल
श्री वीरेन्द्र यशोने
डॉ. एम.के. देव
डॉ. ए.के. प्रधान
डॉ. प्रीति के. सुरेश
डॉ. पी.के. अग्निहोत्री
डॉ. डी.के. पाण्डेय
डॉ. सुभद्रा राठौर
डॉ. टी.जे. नायर
डॉ. पुष्पा कौशिक (Manju Verma)
डॉ. विजय अग्रवाल
डॉ. डी.के. वर्मा
डॉ. स्मृति चक्रवर्ती
डॉ. मधु श्री दुबे
डॉ. एम.एम. तिवारी
डॉ. अनिल रामटेके
डॉ. ए.के. परसाई
डॉ. के.के. बिदल
डॉ. कीर्ति तिवारी
डॉ. टी.एन. वर्मा
डॉ. मंजुला उपाध्याय
डॉ. एस.एम. गौर
डॉ. आशा चौधरी
डॉ. शिल्पी बोस
डॉ. नंदा नेमा
डॉ. प्रीति मिश्रा। for
(डॉ एन.के. [illegible])

(4)

प्रो० अनामिका मोदी –
डॉ० स्वाति जैन – for [illegible] (Neha Tikariha)

बैठक की कार्यवाही निम्नानुसार रही।

1. सर्वप्रथम प्राचार्य महो० द्वारा आमन्त्रित सदस्यों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया तत्पश्चात प्राचार्य की अनुमति से एजेण्डा के प्रथम बिन्दु पर चर्चा की गयी। जिसमें पूर्व बैठक में लिए गये निर्णय का वाचन किया गया। वाचन के दौरान प्रो० एम० एम० तिवारी द्वारा भौतिकशास्त्र के विभिन्न प्रश्न पत्रों में गुणवत्ता पर ध्यान देने की बात कही। तत्पश्चात सर्वसम्मति से विगत बैठक के में लिए गये निर्णयों की सम्पुष्टि की गयी। तथा कौंसिल ने प्रश्न पत्र पैटर्न में परिवर्तन की संसाधनों की उपलब्धि के उपरान्त यथाशीघ्र बदलाव का सुझाव दिया।

एजेण्डा क्रमांक 2. विभिन्न अध्ययन मण्डलों द्वारा स्वीकृत पाठ्यक्रमों में सम्बंधित द्वारा किये गये परिवर्तनों के औचित्य पर विभागाध्यक्षों द्वारा उद्बोधन दिया गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से इसका अनुमोदन कर पाठ्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान की गयी।

एजेण्डा क्रमांक 3 - प्राचार्य की अनुमति से MSc भौतिकशास्त्र के III rd एवं IV सेमेस्टर के लिये प्रायोगिक उपकरण के उपलब्धता की चर्चा प्रो० तिवारी द्वारा किया गया। प्राचार्य द्वारा यह जानकारी दी गयी कि उपकरणों क्रय की प्रक्रिया जारी है। अध्ययन मण्डल के सदस्यों [illegible] को अधिकृत किया गया। तत्पश्चात स्वशासी नियंत्रक डा० डी० के० वर्मा द्वारा आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया गया। *प्राचार्य*

[signature]
परीक्षा नियंत्रक

[signature]
प्राचार्य

[signatures]

आज दिनांक 12/01/2018 को महा० के स्वशासी अकादमिक परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ सी.एल. देवांगन द्वारा की गई। परिषद बैठक मे निम्नानुसार गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

1 डॉ (श्रीमती) पुष्पा कौशिक — [signature] 12/01/18
2 Kirti Tiwari — [signature] 12/1/18
3. Asha chaudhary — [signature]
4. Smt Sharda Jain (Socio) — [signature]
5. Shilpi Bose — [signature] 12-1-18
6 Dr Smriti Chakravarty — [signature] 12/01/18
7. Dr. Anil Rautelse — (Zoology) — [signature]
8. Dr. Manju Gaikwad — (Sociology) — [signature] 12.1.18
9. Dr. M. M. Tiwari (Physics) — [signature] 12/1/18
10 Dr. Nanda Menu (Pol. Sc.) — [signature] 12-1-18
11. डॉ सुषमा सिंह गौर History — [signature] 12-1-18
12. डॉ० टोपलाल वर्मा - भूगोल — [signature] 12.1.2018
13. डॉ. [illegible] — वाणिज्य — [signature] 12/1/18
14. डॉ० ओ० के० [illegible] — वाणिज्य — [signature] 12/1/18
15 डॉ. के. के. [illegible] — अर्थशास्त्र — [signature] 12/1/18
16 DR. A.K. PERSAI — A.I.HISTORY — [signature]
17. D.K. Verma — Anthropology — [signature] 12.1.2018
18. Mrs Anamika Modi — Psychology — [signature] 12.1.18
19. Manjula Upadhyay — HINDI — [signature] 12/1/18
20. M. Dubey — chemistry — [signature] 12/1/18
21 Dr. P.K. Agnihotri — Chemistry — [signature]
22 —
23 —
24. C.S. Ojha — Autonomous — [signature]
25. Vasudeo Sahare — Sahare Autonomous — [signature]

Date ______
Page ______

12/01/2018

1. Dr. Ashok Pradhan
2. Dr. M K Deb
3. VEERENDRA TIWARI
4. Dr. Preeti K. Suresh

12/01/17

एजेण्डा पर कार्यवाही - बैठक दिनांक 12-01-2018

(1) सम्मानीय सदस्य अकादमिक परिषद द्वारा वर्ष 2016-17 की बैठक में लिये गए निर्णय की पुष्टि की गई।

(2) महाविद्यालय में संचालित विभिन्न विषयों में स्वीकृत पाठ्यक्रम पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें अकादमिक परिषद (विषयवार) द्वारा किये गए आंशिक परिवर्तन पर चर्चा की गई एवं सदस्यों को परिवर्तन से अवगत कराया गया।

(3) महाविद्यालय में प्रारम्भ किये गए पाठ्यक्रमों जैसे स्नातकोत्तर - जीवविज्ञान, मानव विज्ञान, रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र की पश्चोत्तर स्वीकृति पर चर्चा हुई जिसमें प्रो॰ एम.एम. तिवारी ने महाविद्यालय का स्वशासी स्वरूप होने कारण वह पाठ्यक्रम को प्रारम्भ किये जाने की पश्चोत्तर स्वीकृति प्रदान नहीं की जाने की बात कही। अन्य विषयों की पश्चोत्तर स्वीकृति सदस्यों द्वारा प्रदान की गई। वि॰वि॰ से नियुक्त डॉ॰ ए॰ प्रधान ने शासन के आदेश को डिशओबे न की जाने की बात चर्चा के दौरान कही। प्रो॰ तिवारी ने यह पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के लिये कम से कम एक वर्ष की अवधि एवं तैयारी U.G.C. गाइडलाइन के आधार पर कही।

(4) परीक्षा प्रश्नपत्र पुर्नसंरचना पर चर्चा करते हुए जिसमें वैकल्पिक, लघुउत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय प्रश्न निर्माण पर चर्चा करते हुए डॉ॰ कीर्ति तिवारी ने स्वशासी प्रश्न पत्र निर्माण को विश्वविद्यालय के अनुकूल नहीं बताया। डॉ॰ प्रधान ने प्रश्नपत्र संरचना पर किसी अन्य संस्था से तुलना न करने की बात कही। प्रो॰ कीर्ति तिवारी ने स्नातकोत्तर स्तर पर पहले चार आंतरिक मूल्यांकन होने की बात कही जिसमें 2 उच्चतम अंक वाले प्रश्नपत्रों के 20% अंक वार्षिक परीक्षा में जोड़े जाते थे। परन्तु अभी उसके स्थान पर प्रत्येक विषय में सेमिनार लिये जा रहे।

(i) Research ~~Methodology~~
(ii) ~~History of Literature~~

प्रश्न पत्र स्नातकोत्तर स्तर पर परिषद से मशवरा करके प्रारम्भ करने की बात कही। स्नातक स्तर पर Gen English के स्थान पर Functional English लागू करने की इच्छा व्यक्त की। मेजर तिवारी ने सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने संबंधी चर्चा की। प्रो० नरेशचंद गुप्ता ने स्नातकोत्तर कक्षा के पाठ्यक्रम में CBCS प्रारम्भ करने की बात कही। प्रो० कौशिक ने गणित विषय पर प्रश्न पत्र के दूसरे खंड में जिसमे 12 अंक वाले प्रश्न पूछे जाएंगे के लिये शब्द सीमा 750 की बात को अप्रासंगिक बताया। लेकिन प्रो० वर्मा ने शब्द सीमा 500 तक रखने की बात कही। लघुउत्तरीय के शब्द सीमा 200 रखने की हिदायत प्रो० अग्निहोत्री एवं टी०एस० वर्मा ने कही। प्रो० एस०एस० तिवारी ने भौतिक शास्त्र में 30% प्रश्न न्यूमेरिकल होने की बात कही। सेमीनार को विषय से हटाकर उसकी जगह आंतरिक मूल्यांकन नाम दिया जाय। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विभागाध्यक्ष की बैठक

(5) <u>स्मार्ट क्लास की व्यवस्था</u> (आयोजित कर अंतिम निर्णय लिया जाय)

स्मार्ट क्लास संबंधी विषय पर अपनी बात रखते हुए प्रो० डी०के० वर्मा ने प्रतिवर्ष एक कक्ष को स्मार्ट क्लास के रूप में तब्दील की जाय ताकि विद्यार्थी समय के साथ चल सके। कक्ष में प्रोजेक्टर, अच्छे ब्लैक बोर्ड की व्यवस्था हो। और यह कार्य एक वर्ष में एक कक्ष को स्मार्ट क्लास बनाने का प्रस्ताव रखा जिसमें 1.5 लाख से 2 लाख खर्च होने की बात कही। इस प्रस्ताव का समर्थन डॉ० अशोक प्रधान ने तालियों के साथ स्वागत किया।

अन्य विषय पर चर्चा के दौरान प्रो० विजय कुमार अग्रवाल ने नवनिर्मित भवन को वाणिज्य विभाग बनाए जाने का प्रस्ताव रखा।

<u>Note of dissent</u>: यू.जी.सी. के स्वशासी महाविद्यालयों के लिये मार्गदर्शी सिद्धान्त (2012-17) में स्वशासी महाविद्यालयों में नये विषय प्रारम्भ करने की प्रक्रिया कंडिका 11 व 10 में वर्णित है। कंडिका 11 के अनुसार नया पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की प्रक्रिया पूर्व सत्र के अक्टूबर माह में शुरू की जानी चाहिये तथा कंडिका 10 के प्रावधान के स्टेप 1 के अनुसार प्रस्ताव विषय के अध्ययन मंडल में सर्वप्रथम व्यापक विचार विमर्श के बाद पारित किया जाना चाहिये। तत्पश्चात अकादमिक परिषद व गवर्निंग बाडी से अनुमोदन कर विश्वविद्यालय को सूचित करना चाहिये। चूंकि चार नये विषयों को प्रारम्भ करने हेतु उक्त प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया अतः एजेन्डा 3 की पढ़कर स्वीकृति प्रदान करने सहमत नहीं हूँ।

[signature] 14/1/18

(8)

Date
Page

एजेण्डा 3 को बहुमत के आधार पर स्वीकृत कर पारित किया गया।
बैठक के अंत में व्ही. डी. सातसी द्वारा आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

16.01.18

1

## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय जे0 योगानन्दम् छत्तीसगढ़ महाविद्यालय,
## बैरन बाजार रायपुर 492001 / ☎ 0771–2427126

*सत्र 2016–17*
*कार्यवृत बैठक दिनांक 19/09/2016*

आज दिनांक 19.09.2016 को अपरान्ह 3:00 बजे महाविद्यालय की स्वशासिता के अकादमिक द की बैठक कक्ष क्रमांक 43 में आयोजित किया गया । बैठक की अध्यक्षता **प्राचार्य डॉ पी0 सी0 ाल** द्वारा किया गया । बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहें ।

1. श्री अरूण कुमार तायल – वाणिज्य (Commerce) जगत से
2. डॉ. श्रीमती निरजा सेन – प्राचार्य द्वारा मनोनीत सदस्य
3. डॉ. श्रीमती सरला जैन – ------------------"------------------
4. डॉ. व्ही.डी.साहसी – ------------------"------------------

गाध्यक्ष

5. प्रो. पुष्पा कौशिक – गणित 5/10/16
6. प्रो0 विजय अग्रवाल – वाणिज्य 5/10/16
7. प्रो0 डी0 के0 वर्मा – मानव विज्ञान
8. प्रो0 स्मृति चक्रवर्ती – वनस्पति शास्त्र
9. प्रो0 मधुश्री दूबे – रसायन शास्त्र
10. प्रो0 एम0 एम0 तिवारी – भौतिक शास्त्र
11. प्रो0 पारमिता दूबे – प्राणी शास्त्र
12. प्रो0 ए0 के0 परसाई – प्रा0 भा0 इतिहास
13. प्रो0 के0 के0 बिन्दल – अर्थशास्त्र for
14. प्रो0 कीर्ति तिवारी – अंग्रेजी
15. प्रो0 टी0 एल0 वर्मा – भूगोल 5/10/2016
16. प्रो0 मंजुला उपाध्याय – हिन्दी 5/10/16
17. ~~प्रो0 सुषमा सिंह गौर~~ Dr. Rajesh Shukla – इतिहास
18. प्रो0 आशा चौधरी – दर्शनशास्त्र 06.10.16.
19. प्रो0 शिल्पी बोस – लोक प्रशासन 5.10.16
20. प्रो0 नंदा नेमा – राजनीति शास्त्र 5-10-16
21. प्रो0 प्रीति मिश्रा – समाजशास्त्र
22. प्रो0 अनामिका मोदी – मनोविज्ञान –

PRINCIPAL
Govt. J.Y. Chhattisgarh College
RAIPUR. (C.G.)

की कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :–

डॉ पी0 सी0 अग्रवाल, प्राचार्य शासकीय जे0 योगानन्दम् छत्तीसगढ़ महाविद्यालय द्वारा समस्त त सदस्यों एवम् विभागाध्यक्षों के हार्दिक स्वागत के पश्चात निम्नानुसार कार्यवाही की गई।

सर्वप्रथम दिनांक 27.07.2015 को एकादमिक परिषद की बैठक में लिए गये निर्णयों का वाचन एवम् सर्वसम्मति से इसकी पुष्टि की गई। तत्पश्चात् एजेण्डानुसार निम्न निर्णय लिए गये।

**एजेण्डा क्रमांक 1. स्नातक** – स्नातक – कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत एवं महाविद्यालय के अध्ययन मण्डलों द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम (2016–17) का यथावत औपचारिक अनुमोदन।

**निर्णय :–** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा वर्ष 2016–17 के लिए स्नातक परीक्षाओं के लिए घोषित पाठ्यक्रम जिसको महाविद्यालय की स्वशासी अध्ययन मण्डलों द्वारा स्वीकृत किया गया है, को यथावत लागू करने हेतु अनुमोदित किया गया ।

**एजेण्डा क्रमांक 2.** स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए विभागीय अध्ययन मण्डलों द्वारा स्वीकृत पाठ्यक्रम पर विचार, विमर्श/अनुमोदन।

**निर्णय :–** स्नातकोत्तर कक्षाओं के निम्न विषयों में विभागीय अध्ययन मण्डलों द्वारा आंशिक परिवर्तन किया गया है:

स्नातकोत्तर कक्षाओं के निम्न विषयों में विभागीय अध्ययन मण्डलों द्वारा आंशिक परिवर्तन किया गया है:

1. अर्थशास्त्र – I सेमेस्टर एवं II सेमेस्टर में परिवर्तन
2. समाजशास्त्र – I, II, III & IV सेमेस्टर में परिवर्तन

**टीप – अध्ययन मण्डलों द्वारा आंशिक परिवर्तन से संबंधित छाया प्रति संलग्न।**

अध्ययन मण्डलों द्वारा स्वीकृत पाठ्यक्रमों का यथावत अनुमोदन किया जाता हैं ।

**एजेण्डा क्रमांक 3.** विभिन्न संकायों विभागों में प्रवेश संख्या का निर्धारण एवं शासी निकाय से अनुमोदन हेतु प्रस्तावित करना।

**निर्णय :–** सभी संकायों के विषय पर पूर्व निर्धारित प्रवेश संख्या में कोई परिवर्तन प्रस्तावित नहीं हैं। अतः समिति पूर्व निर्धारित छात्र/छात्राओं की संख्या के अनुसार प्रवेश हेतु शासी निकाय से अनुमोदन हेतु प्रस्ताव की अनुशंसा करती है।

Kahare

PRINCIPAL
Govt. J.Y. Chhattisgarh College
RAIPUR (C.G.)

③

एजेण्डा क्रमांक 4. छात्रों एवं शिक्षकों की गुणवत्ता में वृद्धि हेतु विभिन्न उपायों पर चर्चा ।

निर्णय :– अनुमोदन हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव की अनुशंसा करती है–

1. वाचनालय की सुविधा में वृद्धि
2. स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु NET Coaching की व्यवस्था
3. Academic Calender, Result Analysis
4. Net facility in Library
5. Project को बढ़ावा
6. Seminar Conference में भाग लेने हेतु बढ़ावा
7. Reference Books & Journals की संख्या में वृद्धि
8. उद्योग आधारित शिक्षा पर जोर एवं पूर्ण एक दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जाये।
9. अध्ययन कक्षों में आधुनिक अध्यापन तकनीक का समावेश।
10. विषय विशेषज्ञों की व्याख्यान जिसमें अतिथि प्राध्यापक को रू. 1000/– और अतिथि सत्कार हेतु 500/– व्यय का प्रस्ताव अनुमोदित हेतु प्रस्तुत (प्रत्येक विषय – 2 व्याख्यान)

एजेण्डा क्रमांक 5. गैर शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन हेतु विचार विमर्श।

निर्णय :– अनुमोदन हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव की अनुशंसा की जाती है–

1. Career Counseling, PSC Coaching, etc की व्यवस्था।
2. NSS, NCC को प्रोत्साहन ।
3. Sports (Indoor Games) की व्यवस्था ।
4. स्वच्छता एवं जनजागरण हेतु मानव श्रृंखला का निर्माण।
5. Community Service हेतु छात्रों को विभिन्न विद्यालयों में भेजा जाना।
6. साल में कम से कम दो बार सामूहिक स्वच्छता अभियान महाविद्यालय के अंदर चलाया जाना ।

एजेण्डा क्रमांक 6 छात्रों को दी जा रही उपाधियों का विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदन पर चर्चा।

निर्णय :– यथावत अनुमोदन किया जाता है ।

एजेण्डा क्रमांक 7 अध्ययन के नये प्रोग्राम का शासी निकाय से अनुमोदन हेतु प्रस्ताव पर चर्चा।

Vrahani

PRINCIPAL
Govt. J.Y. Chhattisgarh College
RAIPUR. (C.G.)

स्ववित्तीय आधार पर **B.S.W** व अन्य लघुविधि के पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु प्रस्ताव अकादमिक परिषद के द्वारा पारित तथा अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

एजेण्डा क्रमांक 8 — अध्येतावृत्ति, पुरस्कार एवं मेडल प्रदाय करने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा

निर्णय :– गरीब विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु गरीब विद्यार्थी सहायता निधि बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ। अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

एजेण्डा क्रमांक 9 — परीक्षा पैटर्न में परिवर्तन करने के प्रस्ताव पर चर्चा।

निर्णय :– परीक्षा पैटर्न मे परिवर्तन (अति लघुउत्तरीय, लघुउत्तरीय, दीर्घउत्तरीय प्रश्न) पर चर्चा के उपरांत इसके व्यवहारिक समस्याओं के साथ आर्थिक व्यय का निर्धारण कर आगामी वर्ष से लागू करने का प्रस्ताव पारित।

एजेण्डा क्रमांक 10 — अध्यापन–कक्ष के नवोचार पर चर्चा।

निर्णय :–

1. एक पूरी सुविधाओं के साथ संगोष्ठी कक्ष के निर्माण का प्रस्ताव पारित।
2. अध्यापन कक्षों का आधुनिक तकनीकि के साथ नवोचार।

एजेण्डा क्रमांक 11 — यू.जी.सी के निर्देशानुसार महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम को स्वशासिता के अन्तर्गत समावेश करने के प्रस्ताव पर चर्चा।

निर्णय :– यू.जी.सी समिति के 4–5 जुलाई के निरिक्षण के दौरान महाविद्यालय को पूर्ण स्वशासी का दर्जा प्रदान करने हेतु PGDCA, MSW, DBM & LLB पाठ्यक्रम का समावेश स्वशासी के अंतर्गत् सम्मिलित करने के लिए निर्देशित किया है। तदानुसार समिति इन पाठ्यक्रमों को स्वशासी के अंतर्गत् लाने हेतु आवश्यक कार्यवाही का प्रस्ताव पारित करते हुए शासी निकाय से अनुमोदन की अनुशंसा करती है ताकि इन पाठ्यक्रमों की परीक्षा का आयोजन सन् 2017–18 से स्वशासी प्रकोष्ठ द्वारा सुनिश्चित किया जाए। तदानुसार संबंधित विषय के विभागाध्यक्ष इस आशय का प्रस्ताव आयुक्त उच्चशिक्षा छत्तीसगढ़ शासन रायपुर और रजिस्ट्रार पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर को प्रेषित करेंगें।

एजेण्डा क्रमांक 12 पर्यावरण अध्ययन पर वाह्य परीक्षक के माध्यम से मौखिक परीक्षा के प्रस्ताव पर चर्चा एवं बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी. भाग एक के सभी छात्र/छात्राओं के लिये पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा में बैठने की अनिवार्यता के प्रस्ताव पर चर्चा।

निर्णय :– प्रथम वर्ष में ही पर्यावरण की परीक्षा में विद्यार्थी के बैठन की अनिवार्यता और प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ मौखिक परीक्षा के आयोजन का प्रस्ताव पारित किया गया। अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।

नोट : अध्यक्ष की विशेष अनुमति से यह निर्णय लिया गया है कि विभिन्न विषयों के अध्ययन मण्डल के लिए विषय विशेषज्ञों का मनोनयन प्राचार्य द्वारा किया जायेगा।

(डॉ0 पी0 सी0 अग्रवाल)
प्राचार्य

PRINCIPAL
Govt. J. Yoganandam Chhattisgarh College
RAIPUR. (C.G.)